हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्र सरकार ने नागरिकों की आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसे कुछ वेबसाइट्स की पहचान की है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस मामले में आधार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। इन वेबसाइट्स में सुरक्षा को लेकर भी कुछ कमियां पाई गई हैं। संबंधित वेबसाइट के मालिकों को जरूरी कार्रवाई और साईट में परिवर्तन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

****

केंद्र सरकार ने नागरिकों की आधार और पैन की जानकारी को इंटरनेट पर उजागर करने वाली वेबसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसे कुछ वेबसाइट्स की पहचान की है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस मामले में आधार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। इन वेबसाइट्स में सुरक्षा को लेकर भी कुछ कमियां पाई गई हैं। संबंधित वेबसाइट के मालिकों को जरूरी कार्रवाई और साईट में परिवर्तन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज कुरुक्षेत्र के लाडवा में लाडवा विधानसभा से बी.जे.पी प्रत्याशी, कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हरियाणा पुलिस के 9 उप पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस की 14 कम्पनी व 5 SWAT टीम और घोडा पुलिस तैनात की गई हैं। इस दौरान ड्रोन व ग्लाइडर उड़ाने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही संदिग्ध वस्तुओं को ले जाने की भी मनाही है।वही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा आज शाम थानेसर

विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे ।सांसद कुमारी सैलजा भी कल राहुल गांधी के दौरे के बाद चुनाव प्रचार में फिर से सक्रिय हो गई हैं। आज बाद दोपहर वह डबवाली के गोरीवाला और सिरसा के खैरपुर गाँव में जन सभाओं को संबोधित करेंगी ।

****

दिल्ली के सांसद और बी जे पी नेता मनोज तिवारी ने कल शाम हरियाणा के बल्लभगढ़, तिगांव और एनआईटी विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया और पार्टी के प्रत्याशियों के लिए समर्थन की अपील की। अपने संबोधन में श्री तिवारी ने कहा, बी.जे.पी सरकार ने हरियाणा में विकास की एक नई गाथा लिखी है, और यह विकास तभी जारी रहेगा जब पार्टी के प्रत्याशी विधानसभा में जीतकर आएंगे।उन्होंने बी जे पी प्रत्याशी मूलचंद शर्मा की प्रशंसा की करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल बी जे पी का नहीं, बल्कि हरियाणा के विकास और आपकी समस्याओं के समाधान का चुनाव भी है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस मासिक कार्यक्रम की यह 114वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद यह कार्यक्रम, क्षेत्रीय भाषाओं में भी सुना जा सकता है।

****

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता केन्द्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें अधिकारियों की एक

टीम होगी, जो मतदाताओं को उनके मतदान केन्द्र की संख्या तथा मतदाता सूची में क्रमांक का सही पता लगाने में सहायता करेगी।उन्होंने बताया कि मतदाता सहायता बूथ को प्रमुख चिन्हों के साथ तथा इस प्रकार स्थापित किया जाएगा कि मतदान केन्द्र के निकट आते समय मतदाता को यह बूथ आसानी से दिखाई दे।

****

आज विश्व पर्यटन दिवस मनाया जा रहा है। लोगों को एक दूसरे से जोडे रखने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में पर्यटन की भूमिका को दर्शाने के उद्देश्य से हर साल 27 सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यटन दिवस का इस वर्ष का विषय **पर्यटन और शांति" रखा गया है**। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक मुग्धा सिन्हा ने कहा कि उत्तरदायी और सतत पर्यटन समय की मांग है। उन्होंने विश्व में शांति और समृद्धि के लिए पर्यटन के क्षेत्र में ग्रामीणों महिलाओं, युवाओं और स्थानीय समुदायों की विशेष रूप से भागीदारी पर बल दिया।